दिनांक : 09.10.2024

समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य योजनाओं के लिए पोषणयुक्त चावल की आपूर्ति को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री ने श्योपुर जिले में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के सम्मेलन का किया उद्घाटन।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कल से प्रदेश में स्वास्थ्य शिविरों को आयोजन।
- प्रदेश में नवरात्र का उत्साह चरम पर, देवी मंदिरों और गरबा पांडालों में भारी भीड़।

## मंत्रिमंडल- फैसले

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत पोषण युक्त चावल की आपूर्ति को इस वर्ष जुलाई से दिसंबर 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए बताया सरकार ने गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस परिसर के जरिए देश की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रदर्शित किया जायेगा। साथ ही राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में दो हजार दो सौ 80 किलोमीटर सडकों के निर्माण को मंजूरी दी है।

## श्योपुर मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्योपुर जिले में वीरपुर आज संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के जागरूकता सम्मेलन का शुभारंम किया। मुख्यमंत्री ने श्योपुर जिले में 57 करोड 42 लाख के विकास निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढाने के लिए सतत् रूप से प्रयास किया जा रहा है ।

मुख्यमंत्री मुरैना

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज मुरैना के सुरजनपुर गांव में सीएम राइस स्कूल का भूमि पूजन तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरैना में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर की मांग पर मुख्यमंत्री अनेक विकास कार्य को अंजाम देने की घोषणा भी की। इनमें दिमनी में दो करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन, कुंवारी नदी पर स्टॉप डैम , पुल ,तीन गांवों पर 11 के व्ही विद्युत सब स्टेशन तथा कुछ सडकों का निर्माण करने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री महाराष्ट्र परियोजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में सात हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन की आधारशिला रखी। इसकी लागत लगभग सात हजार करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने शिरडी हवाई अड्डे पर छह सौ 45 करोड़ रुपये से अधिक की नई एकीकृत टर्मिनल बिल्डिंग की भी आधारशिला रखी। सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ने 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों का संचालन शुरू किया। उन्होंने भारतीय कौशल संस्थान-आईआईएस मुंबई का भी उद्घाटन किया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक विकारों से ग्रस्त लोगों को सहायता प्रदान करना है। इस वर्ष की थीम 'मानसिक स्वास्थ्य को कार्यस्थल पर बढ़ावा देने' से संबंधित है, जो कि कार्यस्थल में मानसिक

स्वास्थ्य के महत्व पर केंद्रित है। प्रदेश में कल से 30 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य माह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मानसिक स्थिति के लिए योग, प्राणायाम, और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। सीहोर जिले में भी कल जिला चिकित्सालय में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।

साइकिल वितरण

प्रदेश में वर्ष 2024-25 में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को 4 लाख 50 हजार साइकिलें नि:शुल्क दी जा रही हैं। इसके लिये विभागीय बजट में 195 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। साइकिल वितरण का कार्य इस वर्ष नवम्बर तक पूरा किया जाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिये गये हैं। योजना में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले विद्यार्थी, जो सरकारी स्कूलों में कक्षा छटवीं एवं नौवीं में अध्ययनरत हैं तथा वह जिस ग्राम के निवासी हैं, वहां शासकीय माध्यमिक और हाई स्कूल संचालित न होने पर दूसरे ग्राम में स्कूल पहुंचने के लिये साइकिल दी जाती हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में कन्या छात्रावास में अध्ययनरत छात्राएं, जिनकी शाला छात्रावास से 2 किलोमीटर या अधिक दूरी पर है, उन्हें भी नि:शुल्क साइकिल प्रदाय की जा रही है।

नवरात्र

प्रदेश में इन दिनों नवरात्र का पर्व पूरे धार्मिक उल्लास और परंपरागत तरीको से मनाया जा रहा है। दतिया का मां बगुला मुखी मंदिर पीताम्बरा शक्ति पीठ पर लगातार भक्तों का आना जारी है।

*मध्यप्रदेश के दतिया में देश के प्रमुख मंदिरों शुमार मॉ बगुलामुखी देवी का मंदिर पीताम्बरा मंदिर तांत्रिक शक्ति पीठ है यह मंदिर भक्तों की तप और साधना के बल पर आज शक्ति पीठ कहा जाता है। मंदिर परिशर में प्राचीन वन खंडेश्वर महादेव का मंदिर है जो महाभारत कालीन होना बताया जाता है मंदिर परिसर मे ही मॉ धूमावती देवी का मंदिर है पूरे देश में मॉ धूमावती देवी की एक ही प्रतिमा है जो स्र्फि दतिया में है। मॉ पीताम्बरा देवी के बारे में मान्यता है यह राजसत्ता दिलवाने वाली देवी है यही कारण है इस मंदिर पर राजनेताओं को भक्तों की कतारों के बीच देखा जा सकता है ।आम भक्त हो या खास सभी मॉ के दरवार में लाईन में चलकर जाते और और मॉ के दर्शन छोटी खिडकी से होते । नवरात्र में मंदिर पर भक्तों की भीड उमड रही है माता के मंदिर में भक्त पत्रचार के माध्यम से अपनी मनोकामना रखते है ऐसे पत्र मंदिर प्रशासन को प्रतिदिन मंदिर की खिड़की या दानपात्र में मिलते है। मंदिर पर राष्ट्र रक्षा के लिए अनुष्ठान चलते रहते है लेकिन जब राष्ट्र पर किसी तरह की आपदा , महामारी या युद्ध जेसी स्थिति आती है तो मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष अनुष्ठान चलता है।*

क्रिकेट-पुरुष

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का बांग्लादेश के साथ दिल्ली में टी20 मैच जारी है। तीन मैचों की श्रृंखला के इस दूसरे मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में भारत इस श्रृंखला में एक- शून्य से आगे है। वहीं आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में, ग्रुप ए में आज शाम भारत अपने तीसरे मैच में श्रीलंका के साथ खेलेगा।

प्रधानमंत्री-लाओस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से दो दिन की सरकारी यात्रा पर लाओस के वियंतियाने जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय में पूर्वी देशों के मामलों के सचिव जयदीप मजूमदार ने आज बताया कि इस यात्रा के दौरान श्री मोदी वियंतिनयाने में 21वें

आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन एवं दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. पी. वेणुगोपाल के निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संदेश में कहा है कि स्व. डॉ. वेणुगोपाल ने हजारों सर्जरी कर लोगों के अमूल्य जीवन की रक्षा की है।
- चित्रकूट में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे 10 दिवसीय अभियान "मैं हूं अभिमन्यु" के तहत शासकीय कन्या हाई स्कूल मझगवां में कार्यक्रम आयोजित किया गए। मझगवां थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक नेहा ठाकुर और अन्य अधिकारियों ने छात्राओं के साथ मिलकर सशक्तिकरण के मुद्दों पर चर्चा की।
- पन्ना जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा सोयाबीन फसल के उपार्जन के लिए आगामी 20 अक्टूबर तक किसान पंजीयन के संबंध में सूचित किया गया है। जिले में अब तक धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन के लिए लगभग 24 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है।

........................................